मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-417
24/06/2026

मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 दिग्विजय सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना 24 जून 2026 :– पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बांका के पूर्व सांसद स्व0 दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने स्व0 दिग्विजय सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जमुई जिले के नयागांव स्थित नागी–नकटी–कटहरा नदी तट पर बने समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्व0 दिग्विजय सिंह के जनसेवा, विकास कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर स्व0 दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद श्रीमती पुतुल कुमारी तथा उनकी सुपुत्री एवं उद्योग तथा खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय कुमार सिंह, परिवहन मंत्री श्री दामोदर रावत, जमुई के सांसद श्री अरुण भारती, पूर्व मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह सहित कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

******